# सौसर में नकली नोट कांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

**सौसर, देशबन्धु।** सौसर नकली नोट कांड का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी ने नोट भी दिखाया और पत्रकारों को घटना की जानकारी विस्तार पूर्वक देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा सुन्दर सिंह कनेश द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार निर्देश जारी किये गये हैं।

इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा सुन्दर सिंह कनेश के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौसर डी.व्ही.एस. नागर के मार्गदर्शन में गत 19 अप्रैल 2025 को ग्राम रामाकोना में एक व्यक्ति द्वारा नकली नोट भारतीय करेंसी को बाजार में चलाने संबंधी घटित घटना पर अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपीगणों की पतारसी कर उन्हें अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से कुल 21,500/- रूपये के नकली नोट एवं 2000/- रूपये असली नोट प्राप्त हुए एवं स्वयं के 02 मोबाईल, कलर प्रिंटर, नोट छापने का कागज, स्केल, चाकू, व 01 स्कूटी जप्त किये गये हैं।

पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि गत 20 अप्रैल 2025 को आवेदक नारायण पिता नत्थू रूंघे, उम्र 55 साल, निवासी वार्ड क्र.- 07, रामाकोना ने थाना सौंसर में लिखित आवेदन दिया था कि 19 अप्रैल 2025 को शाम करीब 04.00 बजे आवेदक रामाकोना में अपनी दुकान बालाजी मोबाईल शॉप पर था तभी एक व्यक्ति आया और 500 के 20 नोट कुल 10,000/- रूपये देकर एक क्यू आर कोड में पैसे जमा करने बोला जिस पर आवेदक द्वारा क्यू आर कोड में 10,000/- रूपये जमा कर 500 के 20 नोट कुल 10000/- रूपये गिनकर रख लिया। जो 20 अप्रैल 2025 को जब नोट देखा तो उसमें 500 के कुछ नोट नकली लगी जिसमें सफेद वाले भाग पर गांधी जी की फोटो नहीं है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना सौंसर में अपराध क्र. 184/25, धारा 178, 179, 180 बीएनएस- 2023 का पंजीबद्ध किया गया।



इसी क्रम में दूसरी घटना फरियादी आकाश पिता अरूण भक्ते, उम्र 29 साल, निवासी सीतापार पांगड़ी 19 अप्रैल 2025 को अपनी रामाकोना सीतापार रोड स्थित माउली ऑन लाइन सेंटर दुकान में था, शाम करीब 06.00 बजे उसकी दुकान पर एक व्यक्ति आया जिसने 20000/- रूपये नगद 500 के 40 नोट देकर एक क्यू आर कोड में जमा करने बोला फरियादी ने क्यू आर कोड में 20000/- रूपये जमा करने के बाद जब नोट को गिना तो उसमें से कुछ नोट नकली लगी जिसके बारे में उस व्यक्ति से पूछने पर उसने 20000/- रूपये गूगल पे के माध्यम से वापस कर दिये तथा अपने असली और नकली नोट लेकर भाग गया। जिसमें 500 के 20 नोट असली थे तथा 500 के 20 नोट नकली थे, जिसके सफेद वाले भाग पर गांधी जी की फोटो नहीं है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना सौंसर में अपराध क्र.-185/25, धारा 178, 179, 180 बीएनएस- 2023 का पंजीबद्ध किया गया।

आवेदक की सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी सौंसर द्वारा नकली नोट चलाने वाले व्यक्ति की तलाश हेतु थाना से पुलिस टीम रवाना किया गया जो निर्माणाधीन सी एम राइज स्कूल सौंसर के पास से एक अपचारी बालक तथा सिविल लाइन सौंसर में किराये के मकान से, आदित्य पिता गोपाल दिहारे, उम्र 22 साल, निवासी खांडसिवनी, थाना सौंसर को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 21500/- रूपये 500 के 43 नकली नोट, एक स्कुटी, 2000/- रूपये 500 के 04 असली नोट, कलर प्रिंटर, बड़ी स्केल, एक चाकू व नोट छापने के कागज जप्त किया गया।

थाना प्रभारी सौंसर निरीक्षक रूपलाल उइके, स.उ.नि. कैलाश पवार, स.उ.नि. जयवर्धन सिंह, प्र.आर. 19 बृजकिशोर मालवीय, आर- 544 अखिलेश प्रताप सिंह, आर. 964 रवि टेकाम, आर. 214 सोनू धूर्वे, आर- 889 हरिशंकर यादव, आर. 804 डिलेन्द्र दशरिये, आर. 767 अजय आम्रवंशी, आर. 126 नाथूराम कंगाली, आर. 258 प्रकाश कुमरे, आर. 149 अखिलेश हिंगवे, सायबर सेल पाण्ढुर्णा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पौधरोपण व नुक्कड़ नाटक का मंचन किया

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मातृभूमि दिवस पर राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नरसिंह आनंद क्लब नरसिंहपुर के सदस्यों ने बाबा घाट में कार्यक्रम आयोजित किया।

मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय, यमुना विश्वकर्मा, धर्मेंद्र चंदेल, आनंदक सहयोगी सत्यम नेमा, श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था संचालक शशिकांत मिश्र, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा, ब्रह्मश्री दिव्यांग संस्था के संचालक आनंद दुबे की उपस्थिति में कार्यक्रम का प्रारम्भ जीवन के स्त्रोत अंधकार को प्रकाश में परिवर्तित करने वाले सूर्य देवता को जल का अर्ग देकर किया गया। नीम, आम, आवला, पलाश, जामुन का वृक्षारोपण किया गया। पृथ्वी को हरा भरा बनाने एवं वृक्षों का जीवन में महत्व दर्शाते हुए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया।

ट्रेनर मुक्ति राय ने धरा की रक्षा करना उसे हरा भरा रखने के लिए सबकी जिम्मेदारी पर चर्चा की। ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा ने कहा कि हम तभी सफल होंगे जब हर कोई प्रकृति के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाए।

ट्रेनर धर्मेंद्र चंदेल ने दुनिया को बहाल करने के लिए वैश्विक आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था के संचालक और आनंदक शशिकांत मिश्र ने पौधारोपण, नदियों को प्रदूषण मुक्त करने, प्राकृतिक प्रास्तियों को संरक्षित करने और बेहतर भविष्य के लिए निवेश के विचार रखे। आनंदक सहयोगी सत्यम नेमा ने कहा हमें स्वहित के लिए नहीं अपितु जनहित और प्रकृति हित के लिए कार्य करना चाहिए।

### सार समाचार

## आईपीएल में लगा रहा था सट्टा, कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किये गये है क्षेत्र में कोई भी विधि विरूध्द गतिविधियो के साथ आई पी एल क्रिकेट सट्टा पर प्रभावी कार्यवाही की जावे। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयूष गुप्ता आई.पी.एस. के मार्गदर्शन मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय सिंह राणा व थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी के नेत्रत्व में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 20 अप्रैल 2025 की रात्रि में मुखबिर से सूचना प्राप्त कर आई.पी.एल. सट्टे पर कार्यवाही करते हुये एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर एक एच.पी. कंपनी का लैपटाप, एक खाली पिट्ठू बैग, दो एन्ड्राइड मोबाइल फोन, नगदी 5000/- रूपये, जुमला 70000/- रुपये के जप्त कर आई.पी.एल. क्रिकेट सट्टे पर प्रभावी कार्यवाही की है।



घटना के संबंध में बताया गया है कि गत 20 अप्रैल 2025 को विश्वसनीय मुखबिर के द्वारा सूचना दी गयी कि जैल बगीचा में लगी प्रदर्शनी के पीछे पानी की टंकी के नीचे एक व्यक्ति लेपटाप चला रहा है जो मुम्बई इंडिया विरूद्ध चैन्नई सुपरकिंग्स के बीच चल रहे मैच मे सट्टा का हिसाब किताब देख रहा है। कार्यवाही हेतु स.उ.नि. ब्रिजेश रघुवंशी के नेत्रत्व मे पुलिस टीम गठित कर पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर रेड कार्यवाही की जो अतुल कुशवाह पिता भूरा कुशवाह उम्र 25 साल निवासी वार्ड न. 09 राधाकृष्ण मंदिर के पास चौरई जिला छिंदवाड़ा हाल पता गली न0- 05 गुलाबरा किराये के मकान में थाना कोतवाली जिला छिंदवाड़ा के पास एक एच.पी. कंपनी का लेपटाप जिसमे क्रोम ब्राउजर मे Grandexch.com/game-details/4/488637860 जिस पर किकेट मैच की आई डी खुली हुई दिखाई दे रही है जिस पर मुम्बई इंडियंस वर्सेस चैन्नई सुपर किंग्स की टीम का रन एवं भाव दिखाई दे रहा है एवं अतुल कुशवाह के पास मिले दो मोबाईल फोन में भी क्रिकेट सट्टा की आई.डी. और हिसाब मिला है। अतुल कुशवाह से क्रिकेट सट्टा की आईडी एवं हिसाब के संबंध में पूछताछ पर बताया कि उक्त क्रिकेट सट्टा की आई.डी. विशाल नागर निवासी भोपाल के द्वारा 10000/- प्रतिमाह के हिसाब से काम करने के लिये दिया था, आरोपी अतुल के पास से एक एच पी कंपनी की लैपटाप, एक खाली पिट्ठू बैग, दो एन्ड्राइड मोबाइल फोन, नगदी 5000/- रूपये जुमला 70,000/- रुपये के मिलने पर जप्त कर आरोपीगणो के विरुद्ध धारा 4(क) म.प्र. पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट, 49 बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है एक अन्य आरोपी विशाल नागर फरार है जिसकी तलाश पतासाजी की जा रही है।

आरोपी को पकडने में निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी, स.उ.नि. ब्रिजेश रघुवंशी, आर. 219 विकास बैस, सायबर प्रणआर. नितिन सिंह, आर. आदित्य रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सड़कों पर लगता है जाम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सड़क छिन्दवाड़ा के परासिया रोड, बर्मन की जमीन पर और नागपुर रोड, कलेक्ट्रेट के पास जेल बगीचे में दो दो प्रदर्शनियां लगाई गई है। यहां पर अधिकांश लोग फोर व्हीलर, टू व्हीलर पार्किंग की बजाऐं सड़को पर वाहन खड़े कर रहे है जिससे जाम लग रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। गत दिवस दुर्घटना भी हुई प्रशासन ध्यान देने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

## उमरेठ में खपाया जा रहा कोयलाचंल का अवैध कोयला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उमरेठ जो वर्तमान में अवैध व्यवसायियों के लिए सोने की चिड़िया शाबित हो रहा है। विगत कुछ माहो से कोयलांचल का उमरेठ क्षेत्र अवैध व्यवसायियों का अवैध गढ़ माना जाने लगा है। कोयलांचल क्षेत्र की बन्द खदानों से निकाला गया चोरी का कोयला तस्करो द्वारा खरीदकर उमरेठ तहसील क्षेत्रो के गावों में बड़ी आसानी से बेधड़क ट्रेक्टर ट्रॉली, पिकअप वाहन व पुराने स्कूटरों से रात के अंधेरे में सप्लाई किया जाता है।



ज्ञात हो कि परासिया क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। यह पर विगत कई वर्षों से बंद पड़ी कोयला खदानों में आज भी मजदूर वर्ग के लोग अपनी जान जोखिम में डाल कर बंद खदानों में सुरंग बना कर कोयला खनन करते है। फिर वही कोयला क्षेत्र के तस्कर ओने-पौने दामो में खरीदकर जावाबदारो से तगड़ी सेटिंग कर या चोरी से क्षेत्र में सप्लाई करते है।

जिले में कोयला उत्पादन सिर्फ कोयलांचल क्षेत्र में होता है स्वभाविक है अवैध रूप से उक्त कोयले की तस्करी भी उसी अनुविभाग के अंतर्गत ही संभव है। परंतु इन कोयला तस्करो द्वारा उमरेठ तहसील क्षेत्र को ही सुरक्षित मानकर उमरेठ क्षेत्र में अवैध कोयला तस्करी करना समझ से परे माना जा रहा है। सूत्रों की माने तो मासिक चढ़ोत्तरी के दम पर भी इस अवैध कार्य को बढ़ावा देना बताया गया है।

उमरेठ में ईंट भट्टो का व्यवसाय प्रत्येक गांव तक होने के कारण ईंट भट्ठा संचालको में कोयला की मांग बढ़ गयी है मांग के अनुसार उमरेठ क्षेत्र में अवैध कोयला का व्यपार भी तेजी से बढ़ गया है अब देखना है कि यह अवैध व्यपार को संरक्षण देने पर प्रशासन किस पर कार्यवाही करता है या किसी जावाबदार अधिकारियों पर इसकी गाज गिरेगी यह देखना बहुत रोचक होगा।

## 73 प्रतिभागियों ने दिया ऑडिशन

### 27 अप्रैल को फिर होगा ऑडिशन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था नाट्यगंगा छिंदवाड़ा जिले में रंगकर्म के प्रदर्शन, प्रचार और प्रशिक्षण के लिए सदैव प्रयासरत रहती है। एक ओर संस्था अपने रंग आंदोलन 200 दिनों में 2000 नए रंगदर्शक से रंगकर्म को छिंदवाड़ा के कोने कोने तक पहुचाने में जुटी हुई तो दूसरी ओर संस्था अपनी एक्टिंग वर्कशॉप के द्वारा नए कलाकारों को रंगकर्म की बारीकियां सिखाकर उन्हें रंगकर्म से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने का कार्य भी कर रही है।



इस ही क्रम में इस वर्ष भी संस्था द्वारा 1 मई से पैतालिस दिवसीय फिल्म एवं रंगमंच एक्टिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है जिसके लिए रविवार सुबह 9 बजे से 1 बजे तक एवं शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक संत जोसफ स्कूल, खजरी रोड के सामने स्थित नाट्यगंगा के ऑफिस में ऑडिशन लिया गया। जिसमें शहर के हर आयु वर्ग के कलाकारों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और कल कुल 73 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। संस्था के वरिष्ठ कलाकारों ने प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया और उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें परखा।

कल वर्कशॉप के लिए प्रतिभागियों में भारी उत्साह देखा गया। सुबह 9 बजे के पहले ही प्रतिभागियों की भारी भीड़ नाट्यगंगा कार्यालय में जमा होना शुरू हो गई। पंजीयन के बाद सभी प्रतिभागियों के साक्षात्कार लेकर उनकी कला को परखा गया। प्रतिभागियों ने अभिनय, नृत्य, गायन, वादन, संवाद अदायगी एवं अपने आत्मविश्वास से निर्णायकों को रिझाने का प्रयास किया।

सभी निर्णायक इन नए कलाकारों की कला देखकर हतप्रभ रह गए। निर्णायकों का कहना है कि इन कलाकारों में से कुछ कलाकारों का चयन करना बहुत मुश्किल होगा इसलिए इस कार्यशाला के लिए सीटों की संख्या बढ़ने की बहुत संभावना है।

संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत वर्ष प्रतिभागियों की संख्या को देखते हुए इस वर्ष एक्टिंग वर्कशॉप के लिए ऑडिशन दो दिन रखे गए हैं। अगले रविवार भी सात साल से साठ साल तक की उम्र के इच्छुक प्रतिभागी वर्कशॉप में चयन के लिए ऑडिशन दे सकते हैं।

इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए संस्था के सभी पुराने कलाकार सचिन वर्मा, विनोद प्रसाद ग्यास, नीता वर्मा, अमित सोनी, दानिश अली, स्वाति चौरसिया, पूनम बचले, अर्पणा पाटकर, गुंजन मेटेकर, अंकित खंडूजा, नितिन वर्मा, हर्ष डेहरिया, अबीर वर्मा, कुलदीप वैद्य, संदीप सोनी, नीरज सैनी आदि ने अपने अथक प्रयासों से ऑडिशन को सफल बनाया।

## महानतम विद्वान थे अंबेडकर : विनोद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पखवाड़ा रविवार को शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा में सीएमसीएलडीपी की क्लास में सभी बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट एवं नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्तुत समितियां के सदस्यों के बीच मनाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं वक्ता के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद विनोद तिवारी एवं बाबासाहेब अंबेडकर की जन्मस्थली महू के विश्वविद्यालय से एम फिल की हुई डॉ. लता नागले ने युवाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के परामर्शदाता श्रीमती तृप्ति सिंह, जयप्रकाश सूर्यवंशी एवं आशीष साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।



सर्वप्रथम डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए, तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद हमेशा महापुरुषों की जन्म जयंती मनाता है। इसी श्रृंखला में हम आज बाबासाहेब अंबेडकर जिन्होंने संविधान लिखा ऐसे प्रखंड विद्वान व्यक्तित्व के जन्मदिन मनाने का सुअवसर मिला। हम सभी बाबा साहेब अंबेडकर के समरसता के भाव को अपने अंदर समाहित करते हुए समाज की हर वर्ग को बंधुत्व की भावना से देखते हुए सभी के कल्याण की कामना करें।

प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. लता नागले ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने कितनी कठिनाइयों से कितनी विषम परिस्थिति में अपनी शिक्षा दीक्षा प्राप्त की और देश के सबसे विद्वान व्यक्तित्व कहलाए, उन्होंने इस धरा के हर समुदाय के लिए उनके कल्याण के लिए उनको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जो प्रयास किए उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

ऐसे महान व्यक्तित्व के विचारों को हम आत्मसार करते हुए इस संसार में सर्वे भवंतु सुखिना सर्वे संतु निरामया अर्थात सभी सुखी हो सबका भला हो ऐसी कामना के साथ हम बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक के पहुंचाएं एवं आज भी जहां कहीं भी भेदभाव का काला दानव दिखाई दे उसे दूर करते हुए सभी के कल्याण की भावना से कार्य करे।

इस अवसर पर उपस्थित जनों को मार्गदर्शन देते हुए दूसरे वक्ता के रूप में शिक्षा विद विनोद तिवारी ने कहा कि संविधान के रचयिता बाबासाहेब अंबेडकर जिन्होंने देश की दिशा एवं दशा अपने संकल्पित भाव के साथ बदलने करने का प्रयास किया है।

## जैन मुनि पर हमले के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देश व सम्पूर्ण विश्व में अहिंसा प्रेमी के रूप में पहचानी जाने वाली जैन समाज पर देश के अलग-अलग हिस्सों में हमले हो रहे हैं। इतना ही नहीं उनके धार्मिक स्थल को गैरकानूनी ढंग से तोड़ा जाना बेहद चिंताजनक व असंवैधानिक भी है। जैन समाज को जिस तरह से निशाना बनाया जा रहा है वह कानून व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रही हैं। उक्त उदगार व्यक्त करते हुए कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए व्यक्त किए।



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु :** कांग्रेस के धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को एसडीएम सुधीर जैन को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए।

कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आनंद बक्षी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के द्वारा छिन्दवाड़ा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जैन मुनि शांति दूत के रूप में पहचाने जाते हैं, वे जीव हत्या व विद्रोह सहित हिंसा की लगातार खिलाफत करते हैं। किन्तु बड़े ही दुख का विषय है कि म.प्र. में तीन जैन मुनियों पर हमला निंदनीय है। मुंबई में जैन मंदिर को असंवैधानिक रूप से तोड़ा जाना जैन समाज की धार्मिक आस्था पर प्रहार है।

कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया जिसमें उल्लेख किया है कि मुंबई के कांबलेवाडी में वर्षों पुराने श्री पार्श्वनाथ मंदिर को बीएमसी द्वारा गिरा दिया गया।

इसी मंदिर के जीर्णोद्धार की अनुमति भी बीएमसी के द्वारा ही दी गई थी। मंदिर तोड़ने को लेकर जो नोटिस जारी किया गया उसके खिलाफ जैन समाज ने याचिका दायर की जिसके पश्चात 17 अप्रैल को सुनवाई की तारीख दी गई, किन्तु तारीख के पूर्व ही मंदिर को तोड़ दिया वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। असंवैधानिक कार्रवाई से सम्पूर्ण जैन समाज आहत है, क्योंकि उनकी धार्मिक आस्था पर सीधे चोट की गई है। प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ ने यह मांग की है कि सम्पूर्ण प्रकरण की जांच कर अविलम्ब दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कर जैन समाज को न्याय दिलाएं।

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आनंद बक्षी, सुजीत जैन, आशीष त्रिपाठी, नंदन जैन, चेतन जैन, रूपल वाकलीवाल, अनिकेत त्रिपाठी, पुष्पक बक्षी व धीरज सूर्यवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जुन्नारदेव के किसानों ने पूर्व राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

## भूमि अधिग्रहण में अनियमितता को लेकर की शिकायत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तावित संगम- 01 बांध निर्माण परियोजना को लेकर प्रभावित ग्रामीणों ने गंभीर आपत्तियाँ उठाई हैं। इस संबंध में क्षेत्र के दर्जनों किसानों का प्रतिनिधिमंडल पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके से मुलाकात कर उन्हें एक विस्तृत आवेदन सौंपा।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जल संसाधन विभाग द्वारा छिंदवाड़ा जिले में कन्हान नदी पर बांध निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जबकि प्रभावित ग्रामीणों को अब तक भूमि अधिग्रहण, स्वामित्व प्रमाण पत्र, मुआवजा आदि की स्पष्ट जानकारी तक नहीं दी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा दबावपूर्वक भूमि पर कब्जा लेने का प्रयास किया जा रहा है और निर्माण कार्य के लिए ज़मीन लीज़ पर लेने की प्रक्रिया बिना विधिवत अधिग्रहण के की जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि आज दिनांक तक किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति, विस्थापन योजना या उचित मुआवजा की घोषणा नहीं की गई है। इसके विपरीत पुलिस बल के माध्यम से ग्रामीणों पर मानसिक दबाव बनाकर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। यह स्थिति न केवल विधिसम्मत प्रक्रियाओं के विरुद्ध है, बल्कि आदिवासी स्वामियों के अधिकारों का भी हनन है।



पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जब तक विधिवत अधिग्रहण, उचित मुआवजा और विस्थापन की प्रक्रिया पूरी नहीं होती, किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

उन्होंने जल संसाधन विभाग छिन्दवाडा की कार्यपालन यंत्री कुमकुम पटेल से मोबाइल फोन द्वारा संबंधित विषय में वार्तालाप की, साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि प्रशासन द्वारा पारदर्शिता बरती जाए, जिससे ग्रामीणों में किसी भी प्रकार का भ्रम या भय की स्थिति उत्पन्न न हो। एवं एवं भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर किसानों के प्रतिनिधिमण्डल तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारी को उनके निज निवास पर बुलाकर समस्या का निराकरण करने के लिए मीटिंग बुलवाने का प्रस्ताव दिया। तथा प्रभावित ग्रामीणों की समस्या से सांसद छिंदवाड़ा को भी टेलीफेन के माध्यम से अवगत कराया गया।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत करहैया सरपंच श्रीमती सरुपा उईके, उपसरपंच गुड्डू पंद्राम, सुनील धुर्वे, कमल ईवनाती, सकरू मरकाम, शिवदीन इवनाती, मनोहर सिरसाम एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे।

# छिन्दवाड़ा आयेंगे राष्ट्रीय स्तर के ट्रेकर ट्रेकिंग रूट पर हुआ मंथन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला प्रशासन और इंडिया हाईक्स मिलकर छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय स्तर के ट्रेकिंग प्रोग्राम आयोजित करने जा रहें हैं। मानसूनी सीज़न में होने ट्रेकिंग रूट पर सोमवार को मंथन किया गया। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इंडिया हाईक्स के प्रतिनिधि नीतेश कुमार ने छिंदवाड़ा में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की ट्रेकिंग का प्लान बताया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार, पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने कहा कि जितने भी ट्रेकिंग प्रोग्राम होंगे सभी में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलें, इसका विशेष ध्यान दिया जाए। ट्रेकिंग ग्रुप के साथ स्थानीय गाइड रहें और अन्य संसाधन भी स्थानीय स्तर पर जुटाने का प्रयास हों। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे स्थानों पर ट्रेकिंग हो रही हैं, जहाँ होम स्टे उपलब्ध हैं तो ट्रेकर्स को होम स्टे में रुकवाया जाए ताकि आर्थिक गतिविधियां सुदृढ़ हों। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में ट्रेकिंग के लिए छिंदवाड़ा सबसे बेहतरीन स्थान है और ट्रेकिंग में जिला प्रशासन पूरा सहयोग देगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार ने सुझाव दिया कि यदि स्थानीय ट्रेकर्स इसमें शामिल होना चाहते हों तो उनकी भी सहभागिता ट्रेकिंग प्रोग्राम में हो। बैठक के बाद इंडिया हाईक्स के प्रतिनिधि नितेश कुमार ने डीएफओ साहिल गर्ग से मुलाकात की और मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग के होने वाली राष्ट्रीय स्तर की ट्रेकिंग की जानकारी दी। इसके बाद श्री कुमार ने मोठार, शिवपुरी का ट्रेकिंग रूट देखा। पातालकोट, रातेड़, चिमटीपुर, राजा खोह, लकड़ी पुल, कारेआम जीरों पाइंट के ट्रेकिंग पाइंट देखने के बाद पर्यटन ग्राम चिमटीपुर, धूसावानी, काजरा के होम स्टे का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पर्यटक प्रबंधक गिरीश लालवानी, परार्थ समिति के रामदास नागरे, धारा सिंह डहेरिया थे

## सार-समाचार

### नगर पालिका परिषद डोंगर ने की विवेकानंद पार्क में साफ सफाई व पौधरोपण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक के कुशल मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद डोंगर परासिया द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विवेकानंद पार्क में साफ सफाई कराई जाकर पौधारोपण के लिये गड्ढे खुदवाये गये। साथ ही वार्ड नंबर.12 में नाले की सफाई कार्य कराया जाकर गाद निकाली गई। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं नगरपालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### संयुक्त निरीक्षण दल ने की उद्योगपतियों से चर्चा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाप्रबंधक आर.एस. उइके के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेड़ा में संयुक्त निरीक्षण दल बनाकर औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। साथ ही म.प्र. शासन की मंशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इमलीखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों से चर्चा कर सभी इकाईयों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, पौधारोपण एवं अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए आवश्यक चर्चा कर जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिये सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस चर्चा में उद्योगपति सुमेर सिंह नैय्यर, मनीष विश्वकर्मा, अनिल रघुवंशी व योगेश साहू उपस्थित हुए जिन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिये प्रतिबद्धता जाहिर की।

### जिला रेडक्रास समिति की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला रेडकास कार्यालय छिंदवाडा में कल 21 अप्रैल 2025 को कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला रेडकास छिंदवाडा के वर्तमान सचिव डॉ0 दिलीप खरे का त्यागपत्र उनके स्वास्थ्य कारणों के चलते मंजूर किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एस.ए. ब्राउन को सचिव जिला रेडकास छिंदवाड़ा पद हेतु चयन किया गया एवं अनुमोदन हेतु कलेक्टर की ओर संप्रेषित किया गया है साथ ही पूर्व सचिव डॉ0 दिलीप खरे के कार्यकाल में उनके द्वारा किये गये कार्यों हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में जिला रेडकास सोसाइटी जिला शाखा छिंदवाडा के चेयरमैन जे.पी. सिंह, कोषाध्यक्ष विनीत त्रिवेदी एवं कार्यकारिणी सदस्या ब्राउन, नितिन नासेरी, विनोद तिवारी, विजय सतीजा, पवन शुक्ला उपस्थित रहे।

### स्काउट गाइड के बच्चे गर्मियों में पक्षियों के लिए कर रहे दाना-पानी का इंतजाम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ छिंदवाड़ा के वार्षिक कार्यक्रमानुसार आज फर्स्ट स्टेप स्कूल छिंदवाड़ा की स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं के द्वारा पक्षियों हेतु दाना पानी के पात्र लगाए गए इकाई ने डी.ओ.सी. नरेंद्र शर्मा एवं स्कूल संचालिका श्रीमती मंजू साव एवं स्कूल प्राचार्य श्रीमती रुचिका साव के कुशल मार्गदर्शन में पक्षी बचाओ अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर स्कूल संचालिका श्रीमती साव के सारगर्भित उद्बोधन के साथ स्काउट प्रभारी के.के. सोनी एवं सुनीत शर्मा के साथ गाइड प्रभारी मेघा ठाकुर एवं नीलोफर खान ने पक्षियों के बचाने के महत्व स्काउट एवं गाइड पर प्रकाश डाला तथा साथ ही उपस्थित स्काउट एवं गाइड के छात्र छात्राओं ने शाला परिसर में पक्षियों हेतु दाना पानी के पात्र लगाए गए स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं के इस नेक कार्य किए जाने हेतु अपने घर मोहल्ले में सभी को इस नेक कार्य किए जाने हेतु प्रेरित करने को कहा गया कि वह अपने आस पास में भी यह कार्य किए जाने हेतु लोगों को प्रेरित करेगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल ने कहा कि जिले के समस्त स्काउट्स गाइड्स के छात्र-छात्राओं के द्वारा सेवा कार्य किया जाता है जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने सभी स्काउट्स गाइड्स को एवं शाला परिवार को इस पुनीत कार्य की सराहना की और कहा कि जिले में ऐसे कार्य किए जाने चाहिए।

# आर्ट ऑफ लिविंग संस्था का हेप्पीनेस शिविर का आयोजन आज से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्रीश्री रविशंकर द्वारा संस्थापित आर्ट आफ लिविंग संस्था के तत्वाधान में हैप्पीनेस शिविर का आयोजन छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। आर्ट आफ लिविंग परिवार के सुरेश पवार ने बताया कि दिनांक 22 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 को प्रतिदिन प्रात: 6.00 बजे से प्रात: 9.00 बजे तक साधना केंद्र भरता देव रोड चंदन गांव छिंदवाड़ा स्थित सेंटर में रखा गया है जिसमें सभी 18 वर्ष से अधिक आयु के स्त्री पुरुष शामिल हो सकते हैं।

इस शिविर में योग ध्यान प्राणायाम के अलावा सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सुदर्शन क्रिया को मान्यता प्रदान की गई है पूर्व में इस शिविर मैं शामिल हुए लोगों के अनुभव से ज्ञात हुआ है कि इस प्रक्रिया को करने से शरीर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। एकाग्रता में वृद्धि होती है। निर्णय लेने की क्षमता मैं वृद्धि के साथ ही स्पष्टता आती है। मानसिक शांति, अनिद्रा से मुक्ति एवं जीवन में आनंद की अनुभूति प्राप्त होती हैस वीर के दौरान कराई गई प्रक्रियाओं से साधकों के फेफड़े मजबूत होते हैं उनमें स्फूर्ति का उदय होता है एवं वे चिंता हुआ तनाव से मुक्त होते हैं हाथी उनका जीवन सकारात्मक हो जाता है।

## अखंड रामायण पाठ आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ॐ सांई रामायण महिला मण्डल चंदनगांव छिंदवाड़ा में दो दिवसीय अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन पं. दीनदयाल भार्गव द्वारा श्रीमती मीना श्यामराव माकड़े के निवास स्थान वॉटर सप्लाई रोड चंदनगांव छिंदवाड़ा में 21 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को प्रात: 5 बजे से पूजन स्थापना एवं अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया एवं आज 22 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को अखण्ड रामायण पाठ समाप्ति के पश्चात हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में सभी से उपस्थिति की अपील की

# समय सीमा की बैठक में नरवाई जलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टी एल की बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सी एम हेल्पलाइन, सी एम कार्यालय, सी एम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।



जिले में नरवाई जलाने और वन क्षेत्र आदि आगजनी की घटनाएं प्रकाश में आने पर कलेक्टर श्री सिंह ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि इन घटनाओं के बारे में समय पर जानकारी प्रशासन को नहीं देने पर संबंधित पटवारियों को एस.सी.एन. जारी करें। साथ ही जिन किसानों के खेत में नरवाई जलाने की घटनाएं हुई हैं, एक्ट के तहत उन पर जुर्माना लगाएं और बी.एन.एस. की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर एफ.आई.आर. दर्ज कराएं। वन क्षेत्र में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर भी विभाग सख्ती से कार्यवाही करे। इन घटनाओं को रोकने के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

जिले के इतिहास में पहली बार जिले के सरकारी स्कूलों के 43 विद्यार्थी जेईई एडवांस के लिए सफल हुए हैं। इन विद्यार्थियों को शामिल करते हुए सरकारी स्कूलों के कुल 127 विद्यार्थी जेईई परीक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक परसेंटाइल से उत्तीर्ण हुए हैं, जिससे उन्हें आसानी से किसी भी इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन मिल जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा यह जानकारी देने पर कलेक्टर श्री सिंह ने आनंदित होकर स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही इन सभी 43 बच्चों की जेईई एडवांस की बेहतर तैयारी के लिए जिला स्तर पर किसी छात्रावास में एक साथ व्यवस्था बनाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक संचालक जनजातीय कार्यविभाग को दिए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने यह जानकारी भी दी कि जिले की इस पहल को प्रदेश स्तर से भी सराहा गया है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए लागू की गई पूरी कार्ययोजना का राइट अप मांगा गया है, जिसके अध्ययन के उपरांत इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की लक्ष्य पूर्ति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास को एक सप्ताह के अंदर स्थिति सुधारने के निर्देश दिए हैं। अभियान में पर्यावरण विभाग, नगरीय निकायों, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य विभागों की भी भूमिका शासन द्वारा निर्धारित की गई है।

# प्राचार्यों ने किया कलेक्टर-डीईओ का सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा कलेक्ट्रेट स्थित मिनी सभाकक्ष में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल का जिले के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।



इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थित प्राचार्यों और शिक्षकों से चर्चा करते हुए जेईई परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की और सभी को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने बताया कि जिले के शासकीय विद्यालयों से चयनित 43 विद्यार्थी एडवांस परीक्षा के लिए पात्र हैं, वहीं 127 विद्यार्थी ऐसे हैं जो शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में आसानी से प्रवेश पा सकते हैं।

उन्होंने सभी शिक्षकों को भविष्य में और बेहतर परिणाम लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। साथ ही कुछ प्राचार्यों द्वारा प्रस्तुत नवाचार प्रस्तावों की सराहना की गई।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बघेल ने भी शासकीय विद्यालयों की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि जेईई में आए बेहतरीन परिणामों की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय ने भी मांगी है, जो जिले के लिए गर्व की बात है।

# टैंकर से टकराई प्रधान आरक्षक की बाइक, बाल-बाल बचे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रेस काम्पलेक्स के पास आए दिनों दुर्घटनाऐं होती है, यातायात व्यवस्था काम्पलेक्स के सामने सही नहीं होने के कारण लगभग प्रतिदिन 5-6 दुर्घटनाऐं होती है और फिर विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है।



कल 21 अप्रैल को अचानक प्याऊ में पानी डालकर रॉंग साईड से लौट रहा नगर निगम का टैंकर से अपने साईड से जा रहे पुलिस के प्रधान आरक्षक की मोटर सायकल टकरा गई। आवाज ऐसी आई कि बड़ी घटना हो गई है लेकिन प्रधान आरक्षक बाल बाल बचे।

देखते ही देखते जाम लग गया, कुछ देर बाद कुछ और पुलिस कर्मी आऐं बाद में समझाईश देकर मामलें को शांत कराया गया लेकिन प्रेस काम्पलेक्स के पास आए दिनों इस तरह की दुर्घटनाऐं होती है यहां स्टापर लगाऐं जाने के बाद दीवांचीपुरा और एम.एल.बी. स्कूल का ट्राफिक रॉंग साईड से गुजरता है जिससे प्रतिदिन दुर्घटनाऐं होती है। पुलिस अधीक्षक से इस दिशा में उचित व्यवस्था यातायात डी.एस.पी. से कराने की मांग की गई है ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# तामिया में ग्वाल नदी से कूड़ा कर्कट निकाला, बोरी बंधान दुरुस्त किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं तामिया विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड तामिया के सेक्टर क्रमांक- 03 भरियाढाना के पास ग्वाल नदी पर बने बोरी बंधान को पुन: व्यवस्थित कर नदी से पालीथीन, सीमेंट की बोरी, प्लास्टिक की बोतल, नदी के समीप का कचरा आदि को निकाला गया, जिससे की पालतु पशु, पशु-पक्षी, वन्य प्राणी साफ जल पी सके।



इस अवसर पर परामर्शदाता चन्द्रकान्त विश्वकर्मा ने जल संरक्षण अभियान ओर जल के महत्व व जल को कैसे बचाया जाए के संबंध में सभी बताया। परामर्शदाता सुभाष मिनोटे ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। संदीप राज एवं श्रीमती स्वाति सूर्यवंशी ने सभी से यह आग्रह किया कि आप अपने अपने क्षेत्र के जल श्रोत को संरक्षित करने हेतु ग्रामीण जन के सहयोग से तालाब, कुओं, हैंडपंप के आसपास स्वच्छता एवं जलश्रोत को संरक्षित करने हेतु सभी को मोटिवेट करने का कार्य करे यह अभियान लगातार 30 जून तक चलेगा।

परामर्शदाता पंकज राय ने रैली में जल है तो कल है जैसे नारे के माध्यम से युवाओं में जोश एवं उत्साह भरते हुए क्षेत्र में रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। यह कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किया गया।

जिसमें चयनित नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाँगई, ऊषा समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास तामिया, सतपुड़ांचल जनकल्याण समिति, श्री दादा जी जनजागृति एवं कल्याण समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टेकापार एवं क्षेत्र की प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि, मेंटर चंद्रकांत विश्वकर्मा, सुभाष मिनोटें, स्वाति सूर्यवंशी, पंकज राय, संदीप राज, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र वासनिक, पंकज राय, प्रदीप उइके, रघुवीर पन्द्राम, गौरीशंकर ऊइके, सीएमसीएलडीपी कक्षा बी एस डब्लू / एम एस डब्ल्यू के छात्र/छात्राएं, जगन्नाथ यादव, अभिलाषा, महेन्द्र यादव, हर्षलता कहार, दीना कवरेती, ईश्वर पन्द्राम, रोशनी, अमीना धुर्वे, करण धुर्वे, देवकी, राजेश, तीजा सरयाम, पूनम नागवंशी, रुपाली, दीपिका धुर्वेए गुरुदयालए ईश्वर धुर्वे आदि विद्यार्थी एवं ग्राम के युवा साथी मौजूद थे।